उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

रायपुर–थानों मार्ग निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून।

दूरभाष–9520991172, **WhatsApp No-** 9520991174 ई–मेल–**chayanayog@gmail.com**

संख्याः 2642/2024–25 देहरादूनः दिनांक 28 मार्च, 2025

।। विज्ञप्ति ।।

पुलिस विभाग के अंतर्गत आरक्षी जनपदीय पुलिस(पुरूष) तथा आरक्षी पी.ए.सी./आई.आर.बी.(पुरूष) की शारीरिक माप–जोख/दक्षता परीक्षा के संबंध में

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस विभाग के अंतर्गत आरक्षी जनपदीय पुलिस(पुरूष) एवं आरक्षी पी.ए.सी./आई.आर.बी.(पुरूष) के पदों पर भर्ती हेतु शारीरिक माप–जोख/दक्षता परीक्षा दिनांक 24.02.2025 से दिनांक 25.03.2025 तक प्रदेश के समस्त जनपदों के 17 परीक्षण केन्द्रों पर सम्पादित की गयी।

उपरोक्त भर्ती परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय कतिपय अभ्यर्थियों जोकि **''पर्वतीय/अनुसूचित जनजाति'' श्रेणी** के थे, के द्वारा त्रुटिवश छूट हेतु विकल्प अंकित न किये जाने के कारण उन्हे **''पर्वतीय/अनुसूचित जनजाति'' श्रेणी** में छूट का लाभ नहीं मिल पाया। ऐसे अभ्यर्थियों के द्वारा आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर एवं अन्य माध्यमों से पुनः शारीरिक माप–जोख/दक्षता परीक्षा में प्रतिभाग का अवसर प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्तानुसार अभ्यर्थियों के द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के हित में सम्यक् विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि ऐसे अभ्यर्थियों को शारीरिक माप–जोख/दक्षता परीक्षा में प्रतिभाग का अवसर प्रदान किया जायेगा, जिनके द्वारा त्रुटिवश ऑनलाइन आवेदन पत्र में छूट हेतु विकल्प अंकित नहीं किया जा सका, किन्तु उनके पास उपरोक्त भर्ती परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 29.11.2024 तक का **''पर्वतीय/अनुसूचित जनजाति'' श्रेणी** का प्रमाण पत्र धारित है। चूंकि उक्त शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अनुपस्थित अभ्यर्थियों को अतिरिक्त दिवस प्रदान कर दिया गया है, अतः अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को प्रतिभाग का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

अतः उक्तानुसार पूर्व में शारीरिक माप–जोख (ऊंचाई एवं सीने की माप) में प्रतिभाग कर अनर्ह होने वाले अभ्यर्थियों को सूचित करना है कि वे भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आयोग द्वारा पूर्व में निर्गत प्रवेश पत्र के साथ प्रवेश पत्र में अंकित अनिवार्य अभिलेखों एवं छूट से संबंधित वैध अभिलेख/प्रमाण पत्र एवं उक्त शारीरिक दक्षता परीक्षा में प्राप्त अनर्ह संबंधी प्रमाण पत्र सहित **भर्ती परीक्षा केन्द्र–आई0 आर0 बी0 द्वितीय, झाझरा, सुद्धोवाला, देहरादून में दिनांक 04.04.2025 को प्रातः 07:00** बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे, इसके पश्चात पुनः अवसर हेतु कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।

-Sd-

(सुरेन्द्र सिंह रावत)

सचिव